# वागड़ सेवा संस्थान ट्रस्ट मेवाड़ महाराणा भूपाल चिकित्सालय, उदयपुर

सहारिया धर्मशाला फोन : 0294–6999000, मण्डारी सराय : 2419931, 6999001, जोशी धर्मशाला : 2414615, 6990482

धर्मशाला हरिदेव जोशी राजकीय चिकित्सालय, डूंगरपुर फोन नं. – 02964–233645

प्रधान कार्यालय वागड़ सेवा संस्थान ट्रस्ट बांसवाड़ा : 02962–246375

संरक्षक : पण्डित लक्ष्मीनारायण गौड़, भारत टेंकर, मुख्यट्रस्टी : ब्रिगेडियर विजय सक्सेना,

संस्थापक प्रबन्ध ट्रस्टी : भारत सिंह 9414101801 Web site - www.vagadtrust.com & .org


क्रमांक : 515 से 545 / 08(उदयपुर / बांसवाड़ा / डूंगरपुर) **मासिक प्रतिवेदन** दिनांक : 7 जनवरी, 09

.....................................................................

.....................................................................

महोदय,

वागड सेवा संस्थान ट्रस्ट धर्मशाला महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर, बांसवाड़ा से दिनांक 10 / 10 / 2002 से निम्नलिखित सेवाएं निरन्तर समाज के सभी वर्गों को दे रहा है :–

1. सुबह–शाम का भोजन रोगी एव उसके परिजनों के लिए अक्षय कलेवा योजना के अर्न्तगत दाल, सब्जी, चावल, चपाती, देशी घी में दलिया लगभग 500 व्यक्तियों की भोजन व्यवस्था निःशुल्क की जा रही है। दिनांक 31.12.08 तक 6,53,271 डाइट भोजन की सेवा प्रदान की गई है। माह में चार एवं त्योंहारों पर मीठा भोजन परोसा जाता है। माह **दिसम्बर, 08** में 13,294 डाइट भोजन रोगी एवं परिजनों ने किया।
2. रोगी के परिजनों के लिये निःशुल्क आवास हेतु पलंग, बिस्तर की व्यवस्था।
3. रोगी, परिजनों के लिये नहाने–धोने हेतु निःशुल्क साबुन, तेल, मंजन एवं सुबह की चाय।
4. निर्धन परिवार के रोगियों अथवा शव को उनके वांछित जगह पर भिजवाने के लिये निःशुल्क एम्बुलेन्स व्यवस्था।
5. ट्रस्ट अस्पताल के मुख्य भवन के कमरा नम्बर 9 एव 10 के मध्य में थोक क्रयमूल्य पर दवाईयों का विक्रय एवं स्कीम का लाभ भी उपभोक्ताओं को देकर लाईफ लाईन दवाघर का दिनांक 19.1.03 से संचालन कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | 19.1.03 से 31.3.08 तक कुल विक्रय | 7,55,91,715.00 |
| (ii) | 01.4.08 से 31.12.08 तक कुल विक्रय | 1,71,33,968.00 |
| | **कुल विक्रय योग** | **(9,27,25,683.00)** |

ट्रस्ट द्वारा दवाईयों को थोक क्रयमुल्य पर विक्रय कर बाजार मुल्य से करीब 20 से 30 प्रतिशत कम मुल्य पर दवाई उपलब्ध कराई जिससे उपभोक्ताओं को लगभग **2 करोड़ रूपयों** का लाभ पहूंचाया। ट्रस्ट ने लाईफलाईन दवाघर के माध्यम से शहर में दवाईयों के मूल्य को परोक्ष रूप से सन्तुलित कराया जिससे भी उपभोक्ता लाभान्वित हुए।

6. लाईफ लाईन दवाघर ने 19.01.03 से 31.03.08 तक कुल 33,43,666.00 एवं 1.04.08 से 31.12.08 तक कुल 7,96,298.00 एवं अब तक कुल **41,39,964.00 रूपये की विक्रय हुई दवाईयां वापस लेकर परोक्ष रूप से उपभोक्ताओं को लाभ एवं सुविधा पहुंचाई।**
7. ट्रस्ट बची हुई दवाईयां वापस लेकर एवं दान राशि लेकर निःशुल्क दवा बैंक का संचालन दिनांक 1.08.04 से कर रहा है। जिसमें निर्धन व्यक्तियों को दवाईयां उपलबध कराई जाती है। अब तक **ट्रस्ट ने दवा बैंक से 7,55,263.00 रूपयों की दवाईया निर्धन रोगियों को निःशुल्क वितरण की है।**
8. ट्रस्ट ने अस्पताल परिसर में 200 पोधों का वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल कर रहा है।
9. ट्रस्ट मूक बधीर एवं मन्द बुद्धि स्कूल कालिका माता के लिये निःशुल्क छात्रावास (आवास एवं भोजन) की व्यवस्था 10.10.2002 से कर रहा है।
10. **अफीम नशा मुक्ति के शिविर** दिनांक (1) 19.8.04 से 28.8.04, (2) 06.9.04 से 16.9.04, (3) 24.10.04 से 4.11,04 (4) 4.01.05 से 14.01.05 (5) 1.02.05 से 10.02.05 (6) 5.03.05 से 15. 03.05, विशेष शिविर 3.05.5 से 13.5.05 (7) 1.06.05 से 10.6.05 (8) 27–9–07 से 7–10–07 तक (सहारिया धर्मशाला उदयपुर) दस दिवसीय निःशुल्क शिविरों का आयोजन कर अफीम के सेवन के अभ्यस्त लोगों को अफीम नशा मुक्त कराया। ट्रस्ट के प्रयासों से जिले में **प्रतिवर्ष सामाजिक रस्म एवं आदतन अफीम के सेवन पर दो करोड़ रूपया व्यय हो रहा था। उसका पुरे जिले में अभियान चलाकर सामाजिक स्तर पर प्रतिबन्धित कराकर बचत कराई,** जो अभ्यस्त हैं, उन्हें चिन्हित कर ईलाज करा अफीम के नशे से मुक्त कराया जा रहा

है। ट्रस्ट का उद्देश्य जिले को स्वेच्छिक रूप से अफीम के नशे से मुक्त कराना है। ट्रस्ट बांसवाड़ा धर्मशाला के अतिरिक्त महाराणा भूपाल चिकित्सालय उदयपुर की भागीरथ धर्मशाला में स्थाई अफीम नशा निवारण के लिये परामर्श केन्द्र चला रहा है।

**ट्रस्ट की महाराणा भूपाल चिकित्सालय, उदयपुर की सेवाएं**

ट्रस्ट म.भू.चि. की सेठ रामेश्वर लाल सहारिया धर्मशाला में 4.01.06, सुन्दरसिंह भण्डारी धर्मशाला में 08.05.06 एवं वैद्य भागीरथ जोशी धर्मशाला 25.07.07 से अपनी सेवाएं दे रहा है।

यहाँ मेवाड़, वागड़, मारवाड़ एवं मालवा के बारह जिलों के लोग इलाज हेतु ठहरने आते हैं।

11. ट्रस्ट धर्मशालाओं में गैस चुल्हा, बर्तन, बिस्तर, मंजन, तेल, साबुन निर्धनजनों को राशन एवं सफाई इत्यादि की व्यवस्था के साथ रोगी, परिजनों को अस्पताल में मार्गदर्शक की सेवाएं देता है।

परिचारकों की सुविधा के लिए कुलर, वाटर कुलर, टी.वी., फीज, माईक, प्रेस, गीजर, टेलिफोन, समाचारपत्र–पत्रिकाएं आदि की व्यवस्था ट्रस्ट की तरफ से हैं।

12. **सहारिया धर्मशाला एवं भण्डारी सराय के व्यय की तालिका**

| चालु माह में | इस वित्तिय वर्ष में | सहारिया एवं भण्डारी का अब तक कुल व्यय |
|---|---|---|
| 51,871.00 | 3,21,561.00 | **12,07,276.00** |

13. **वैद्य भागीरथ जोशी धर्मशाला के आय–व्यय की तालिका**

| विवरण | चालू माह में | इस वित्तीय वर्ष में | जुलाई, 07 से अब तक |
|---|---|---|---|
| 1. आय (कमरो का किराया) | 15,100.00 | 1,37,650.00 | 2,63,400.00 |
| **2. कुल व्यय** | 17,192.00 | 1,90,687.00 | **5,09,978.00** |
| **3. वागड़ ट्रस्ट द्वारा किराये से अधिक व्यय की गई राशि** | 2,092.00 | 53,087.00 | **2,46,556.00** |

14. **वागड़ ट्रस्ट बांसवाड़ा धर्मशाला की व्यय तालिका**

| चालु माह में | इस वित्तिय वर्ष में | 10.10.2002 से अब तक का कुल व्यय |
|---|---|---|
| 2,07,177.00 | 16,54,631.00 | **1,13,63,426.00** |

उपरोक्त सभी सेवाएं ट्रस्ट अपने 167 ट्रस्टी एवं 500 से अधिक सदस्यों के सहयोग से कर रहा है।

15. ट्रस्ट ने अक्षय कलेवा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क भोजन एव आवास की व्यवस्था हरिदेव जोशी राजकीय चिकित्सालय, डूंगरपुर में दिनांक 10.10.08 से प्रारम्भ की है।

**वागड़ ट्रस्ट डूंगरपुर धर्मशाला की व्यय तालिका**

| चालु माह में | इस वित्तिय वर्ष में | 10.10.2008 से अब तक का कुल व्यय |
|---|---|---|
| 6,948.00 | 95,884.00 | **95,884.00** |

16. ट्रस्ट के लेखा अभिलेख पारदर्शी हैं। कोई भी मेनेजर के पास आकर सम्पूर्ण हिसाब का निरीक्षण कर सकतें है। ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष आयकर रिटर्न प्रेषित किये जाते हैं।

17. आपने दिनांक .................. के भोजन की स्वीकृति प्रदान की, ट्रस्ट आपका आभार व्यक्त करता है। कृपया आपके प्रियजनों को जन्मदिन, विवाह की सालगिरह, परिजन की जन्म–पुण्यतिथि, संकट/दुर्घटना से बचने की खुशी में, नवीन मकान/दुकान के उदघाटन, पदौन्नति की खुशी में, त्यौहार एवं धार्मिक उत्सव के उपलक्ष्य में 2500/– रुपयों में भोजन के आयोजन/ट्रस्ट के सेवा कार्यों में सहयोग करने के लिए प्रेरित करावें।

**ट्रस्ट का पूर्ण प्रयास रहता है कि धर्मशालाओं में आने वाले रोगी, परिजनों को पूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ट्रस्ट आपके परिवार की खुशी एवं समृद्धि की कामना करता है।**

शुभाकांक्षी

(भारत सिंह, संस्थापक प्रबन्ध ट्रस्टी)
फोन नं. – 9414101801